RAJRATAN
OUTPERFORM
INDIA | THAILAND

www.rajratan.co.in

RGWL/26-27/

23rd October, 2026

To **BSE Limited** **Phiroze Jeejeebhoy Towers** **Dalal Street** **Mumbai 400001** **Scrip Code – 517522**	**To** **National Stock Exchange of India Limited** **‘Exchange Plaza’, C-1, Block G,** **Bandra Kurla Complex,** **Bandra (E), Mumbai – 400 051** **Symbol - RAJRATAN**

Dear Sir

Subject – Newspaper publication of Financial Results

Please find enclosed herewith copies of newspaper advertisement of Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter ended on 30th September, 2026, published on 23rd October, 2026 in “Times of India” “Nai Dunia” and “Choutha Sansaar”.

This is for your information and records please.

For **Rajratan Global Wire Limited**

Shubham Jain Digitally signed by Shubham Jain Date: 2026.10.23 16:08:54 +05'30'

Shubham Jain
Company Secretary & Compliance

हेड कॉन्स्टेबल की पत्नी-बेटी ने नीलामी में लगाई थी बोली

92 लाख में 2 प्लॉट खरीदे, 9 करोड़ के जमीन सौदे में भी गवाह बना फिरोज

इंदौर,(नप्र)। पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में पोस्टेड कॉन्स्टेबल फिरोज खान की आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकायुक्त की जांच जारी है। जांच आगे बढ़ने के साथ नए तथ्य सामने आ रहे हैं।

ताजा जांच में पता चला है कि देवास में दो प्लॉट खरीदने के लिए फिरोज खान की पत्नी, मां और बेटी ने ऑनलाइन बोली लगाई थी। दोनों प्लॉट की बोली 92 लाख रुपए में तय हुई थी। रजिस्ट्री और अन्य खर्च मिलाकर इनकी कुल लागत करीब एक करोड़ रुपए आंकी गई है।

जांच में उज्जैन रोड पर करीब 45 बीघा जमीन का 9 करोड़ रुपए में सौदा होने की जानकारी भी सामने आई है। इस सौदे में फिरोज खान की भूमिका गवाह के रूप में थी। जमीन कस्तूरीबाई और इंदौर निवासी रविकांत पंवार ने श्याम इन्फा के पार्टनर सुमित जिंदल को बेची थी।

फिलहाल, जमीन के म्यूटेशन पर राजस्व न्यायालय ने रोक लगा दी है। लोकायुक्त अब इस सौदे में फिरोज खान की भूमिका की जांच करेगा।

पत्नी, मां और बेटी ने नीलामी में लगाई थी बोली

लोकायुक्त के मुताबिक, चोला मंडलम इंदौर ने अगस्त 2025 में देवास की दो संपत्तियों की नीलामी की थी। इनमें उज्जैन रोड पर 2,400 वर्गफीट का प्लॉट

नंबर 38 और कॉन्वेंट स्कूल मार्ग पर 750 वर्गफीट का प्लॉट नंबर 39 शामिल है। इनमें से एक प्लॉट पर मकान बना हुआ है।

नीलामी में फिरोज खान की पत्नी हिना खान, मां वहीदा खान और बेटी जैफी खान ने ऑनलाइन बोली लगाई थी। दोनों प्लॉट 92 लाख रुपए में खरीदे गए। इसके बाद फिरोज खान ने पैसे जमा कराए और रजिस्ट्री कराई।

दोनों संपत्तियों को खरीदने में रजिस्ट्री और अन्य खर्च मिलाकर करीब एक करोड़ रुपए लगे। लोकायुक्त ने खरीद से जुड़े दस्तावेज और रजिस्ट्री की जानकारी जुटाने के लिए देवास के रजिस्ट्रार कार्यालय से जानकारी मांगी है।

उज्जैन में 9 करोड़ के जमीन सौदे में गवाह बना फिरोज

जांच में उज्जैन रोड की करीब 45 बीघा जमीन का सौदा भी सामने आया है। यह जमीन कस्तूरीबाई और इंदौर निवासी रविकांत पंवार ने श्याम इन्फा के पार्टनर सुमित जिंदल को 9 करोड़ रुपए में बेची थी। इस सौदे में फिरोज खान गवाह था।

फिलहाल, जमीन के नामांतरण पर राजस्व न्यायालय ने रोक लगा दी है। अब लोकायुक्त जांच करेगा कि इस सौदे में फिरोज खान की क्या भूमिका थी और वह इसमें किस हैसियत से शामिल हुआ था। फिलहाल मामले की जांच जारी है और अभी तक उसकी भूमिका को लेकर अंतिम निष्कर्ष सामने नहीं आया है।

अब संपत्तियों के स्रोत और लेन-देन पर नजर

14 अक्टूबर को लोकायुक्त ने फिरोज खान के घरों और अन्य ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। इसके बाद से जांच एजेंसी उसकी संपत्तियों, परिवार के सदस्यों के नाम पर खरीदी गई संपत्तियों और बड़े वित्तीय लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रही है।

देवास के दोनों प्लॉट की खरीद और 9 करोड़ रुपए के जमीन सौदे से जुड़े तथ्य भी जांच के अहम बिंदु हैं। लोकायुक्त यह पता लगा रहा है कि संपत्तियां खरीदने के लिए पैसा कहां से आया और इन सौदों में फिरोज खान की क्या भूमिका थी। जांच पूरी होने के बाद ही इन लेन-देन में किसी गड़बड़ी की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

इंदौर में 14 निरीक्षकों की नई पदस्थापना, 11 प्रभारी बदले

मनीष मिश्रा को रावजी बाजार, अजय नायर को द्वारकापुरी और नीरज को संयोगितागंज की जिम्मेदारी

इंदौर,(नप्र)। इंदौर में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त कार्यालय मुख्यालय ने 14 पुलिस निरीक्षकों की नवीन पदस्थापना सूची जारी की है।

इस प्रशासनिक फेरबदल में कई थानों के प्रभारी बदले गए हैं, जबकि कुछ अधिकारियों को अपराध शाखा और पुलिस आयुक्त कार्यालय में पदस्थ किया गया है।

द्वारकापुरी थाना प्रभारी मनीष मिश्रा को रावजी बाजार थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि अपराध शाखा से अजय नायर को द्वारकापुरी का नया थाना प्रभारी बनाया गया है।

एमआईजी थाना प्रभारी सीबी सिंह को उनके अनुरोध पर पुलिस आयुक्त कार्यालय स्थानांतरित किया गया है। लसूड़िया थाना प्रभारी नीतू सिंह अब एमआईजी थाने की कमान संभालेंगी। रक्षित केंद्र से जयसीराम बरडे को लसूड़िया थाने में टूआईसी फर्स्ट नियुक्त किया गया है।

अपराध शाखा के नीरज मेड़ा को संयोगितागंज थाने का प्रभारी बनाया गया है। संयोगितागंज के मौजूदा थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह यादव को खजराना भेजा गया है, जबकि खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव अब एरोड्रम थाने की जिम्मेदारी संभालेंगे।

कनाड़िया थाना प्रभारी सहर्ष यादव को अपराध शाखा में पदस्थ किया गया है। चंदननगर थाना प्रभारी तिलक करोले को कनाड़िया थाने की कमान सौंपी गई है। वहीं, पुलिस उपायुक्त जोन-1 कार्यालय से वेदेन्द्र सिंह कुशवाहा को चंदननगर थाना प्रभारी बनाया गया है।

इसके अलावा, रक्षित केंद्र से मनोज दुबे को अपराध शाखा भेजा गया है। रावजी बाजार थाना प्रभारी दीपसिंह परमार को सराफा थाने की जिम्मेदारी मिली है, जबकि सराफा थाना प्रभारी राजकुमार लिटोरिया को अपराध शाखा में स्थानांतरित किया गया है।

लोकतंत्र बचाओ-भीड़तंत्र हटाओ अभियान आज से

इंदौर,(नप्र)। चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयानों के जवाब में भाजपा लोकतंत्र बचाओ-भीड़तंत्र हटाओ अभियान चलाएगी। 23 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत पदयात्रा, प्रबुद्धजन गोष्ठी, युवा संवाद और छात्रों की प्रतिस्पर्धा सहित कई कार्यक्रम होंगे। भाजपा का कहना है कि इन कार्यक्रमों के जरिए कांग्रेस और इंडी गठबंधन की ओर से चुनाव आयोग तथा एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर फैलाए जा रहे कथित भ्रम का जवाब जनता तक पहुंचाया जाएगा। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी के बयानों से संवैधानिक संस्थाओं के प्रति लोगों का विश्वास कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। पार्टी का आरोप है कि विपक्ष अपने राजनीतिक हितों के लिए राष्ट्रहित को दांव पर लगा रहा है। इसी के विरोध में यह अभियान चलाया जाएगा। बुधवार रात अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक हुई, जिसमें मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित पार्टी के कई जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी शामिल हुए।

एक नजर

मंदिर की जाली लगाने पर भाजपा-कांग्रेस में विवाद

इंदौर,(नप्र)। जूनी इंदौर क्षेत्र में मंदिर के पास लोहे की जाली लगाने को लेकर भाजपा और कांग्रेस के नेता आमने-सामने आ गए। विवाद वार्ड 66 की भाजपा पार्षद और नगर मंत्री कंचन गिदवानी तथा कांग्रेस वार्ड अध्यक्ष बंधन शुक्ला के बीच हुआ। मामले में कंचन गिदवानी की शिकायत पर जूनी इंदौर पुलिस ने बंधन शुक्ला के खिलाफ धमकाने सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। वहीं, कांग्रेस नेताओं ने भी थाने पहुंचकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई और क्षेत्रीय लोगों की ओर से शिकायत आवेदन दिया। कंचन गिदवानी ने बताया कि वह लालबाग स्थित शिव मंदिर के पास दौरे पर पहुंची थी। इसी दौरान उनकी कांग्रेस वार्ड अध्यक्ष बंधन शुक्ला से बहस हो गई। पार्षद का आरोप है कि शुक्ला और कुछ अन्य लोगों ने उनका रास्ता रोका, अभद्र व्यवहार किया और धमकाया। इसके बाद भाजपा नेताओं ने जूनी इंदौर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

कांग्रेस नेता भी समर्थकों के साथ थाने पहुंचे- मामले की जानकारी मिलने पर कांग्रेस नेता अभय वर्मा भी कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की महिलाओं के साथ थाने पहुंचे। उन्होंने मामले में आपत्ति जताते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता की आवाज उठाई जाती रहेगी। कांग्रेस की ओर से क्षेत्रीय लोगों के माध्यम से एक शिकायत आवेदन भी पुलिस को दिया गया है।

पुलिस ने जांच का दिया भरोसा- पुलिस ने कंचन गिदवानी की शिकायत पर बंधन शुक्ला के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। वहीं, कांग्रेस पक्ष की ओर से दिए गए आवेदन की भी जांच की बात कही गई है। मंदिर के पास जाली लगाने को लेकर शुरू हुआ विवाद अब राजनीतिक रंग ले चुका है। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों की शिकायतों और आरोपों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर 15 लाख ठगे

इंदौर,(नप्र)। लसूड़िया थाना क्षेत्र में शेयर मार्केट में ट्रेडिंग और भारी मुनाफे का झांसा देकर एक व्यक्ति से 15 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। जालसाजों ने पहले वॉट्सऐप पर संपर्क किया, फिर एक ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड करवाकर उसमें फर्जी मुनाफा दिखाया। पीड़ित ने जब रकम निकालने की कोशिश की, तो अलग-अलग प्रक्रियाओं का हवाला देकर उससे कई किस्तों में रुपए जमा करवा लिए। शिकायत के बाद पुलिस ने कॉल करने वाली युवती और संबंधित बैंक खाताधारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लसूड़िया पुलिस के अनुसार स्कीम नंबर 78 निवासी विश्वामित्र दुबे ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 1 सितंबर को उनके वॉट्सऐप पर एक अनजान नंबर से कॉल आया था। फोन करने वाली युवती ने अपना नाम शिखा बताया और शेयर बाजार में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया। युवती के कहने पर विश्वामित्र ने मोबाइल में निफ्टी पीडब्ल्यूएम नाम का ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड किया। ऐप पर एक कस्टमर एजेंट भी उपलब्ध था, जो उन्हें बैंक खातों की जानकारी भेजता था। पीड़ित के मुताबिक, इन खातों में रुपए ट्रांसफर करने पर ऐप में जमा राशि दिखाई देने लगती थी। जालसाजों ने उन्हें दो आईपीओ अलॉट होने का झांसा भी दिया।

अलग-अलग खातों में जमा कराए रुपए- ऐप पर शेयर और आईपीओ में बड़ा मुनाफा दिखाई देने के बाद विश्वामित्र ने अपनी रकम निकालने की कोशिश की। आरोप है कि इस दौरान जालसाजों ने अलग-अलग प्रक्रियाओं का हवाला देकर उनसे कई किस्तों में करीब 15 लाख रुपए विभिन्न बैंक खातों में जमा करवा लिए। करीब 10 दिन बीतने के बाद भी जब रकम उनके बैंक खाते में वापस नहीं आई, तो उन्हें ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई।

क्रिसेंट वॉटर पार्क के पास घायल तेंदुआ दिखा

रहवासी मकान के नजदीक बैठा था, सिर-मुंह पर चोट के निशान, वन विभाग कर रहा सर्चिंग

इंदौर,(नप्र)। खुड़ैल थाना क्षेत्र में क्रिसेंट वॉटर पार्क के नजदीक बुधवार सुबह एक तेंदुआ रहवासी मकान के पास बैठा दिखाई दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, तेंदुए के चेहरे और सिर पर गंभीर चोट के निशान थे।

सूचना मिलने पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और इलाके में उसकी तलाश शुरू की। हालांकि, वन विभाग के अधिकारियों ने तेंदुए की मौजूदगी और उसकी चोटों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

मकान के पास सुस्त हालत में बैठा दिखा तेंदुआ

जानकारी के मुताबिक, बुधवार सुबह क्रिसेंट वॉटर पार्क के पास बने हरिओम ठाकुर के मकान के आसपास लोगों ने तेंदुए को बैठे देखा। ग्रामीणों का कहना है कि वह सुस्त लग रहा था और उसके मुंह व सिर पर चोट लगी थी। इस वजह से आशंका जताई गई कि किसी दूसरे वन्यजीव से संघर्ष के दौरान घायल हुआ होगा। तेंदुआ दिखने की सूचना के बाद आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर उसकी तलाश में जुटी है।

फार्म हाउस में घुसकर मवेशियों का किया था शिकार

हरिओम ठाकुर ने बताया कि बुधवार सुबह उनके घर के पास तेंदुआ बैठा दिखाई दिया था, जो बाद में भाग गया। इससे पहले 8 अक्टूबर को भी तेंदुआ उनके फार्म हाउस में घुसकर मवेशियों का शिकार कर चुका है। तब ग्रामीणों ने उसे भगा दिया था। हरिओम पेशे से किसान हैं। वे कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता रह चुके हैं और खेती के साथ प्रॉपर्टी का काम भी करते हैं।

रालामंडल की पहाड़ियों से इलाके में आने की आशंका

ठाकुर के मुताबिक, उनके घर के पास ही रालामंडल की पहाड़ियां हैं। यहां किसी तरह की जालियां नहीं लगी हैं, जिससे इलाके में तेंदुए की आवाजाही होती रहती है। उन्होंने कहा कि फिलहाल खेतों में पानी डालने का समय है। ऐसे मामलों में वन विभाग ध्यान नहीं देगा, तो बड़ा हादसा हो सकता है।

गर्म दाल से झुलसे युवक की एमवाय अस्पताल में मौत

इंदौर,(नप्र)। एमआईजी क्षेत्र में गर्म दाल से झुलसे 30 वर्षीय युवक की एमवाय अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजन ने डॉक्टरों पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इंजेक्शन देने के बाद युवक को होश नहीं आया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मौत के कार णों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। एमआईजी पुलिस के मुताबिक, आकाश (30) पुत्र कन्हैयालाल वर्मा निवासी सोमनाथ की चाल रविवार को घर में गर्म दाल से झुलस गया था। उसके पैर बुरी तरह जल गए थे।

जागरुक नागरिकों ने वी कनेक्ट एप से दी सूचना

81 लाख की बिजली चोरी, अनियमितताएं पकड़ी

इंदौर,(नप्र)। बिजली कंपनी के वी कनेक्ट एप के माध्यम से पोलो ग्राउंड में सतत सूचनाएं मिल रही है। इसी के मद्देनजर विजिलेंस एवं मैदानी टीमों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। अब तक बिजली चोरी, अन्य अनियमितताएं मिलाकर कुल 334 पंचनामें तैयार कर 81 लाख रूपए की बिलिंग की गई है।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर वी कनेक्ट एप लांच कर इसका उपयोग करने के तौर तरीके सुझाए गए थे। कंपनी क्षेत्र के इंदौर, उज्जैन, देवास, धार समेत सभी पंद्रह जिलों में आम नागरिकों, जागरूक उपभोक्ताओं से आह्वान किया गया था कि वे वी कनेक्ट एप को डाउनलोड कर निम्नदाब भार वृद्धि, सिंचाई क्षेत्र में भार वृद्धि, अन्य श्रेणी में बिजली उपयोग, अन्य परिसरों में अनाधिकृत बिजली उपयोग, मीटर से छेड़छाड़ या बायपास, विच्छेदित कनेक्शन से बिजली का अनाधिकृत उपयोग, विद्युत चोरी, हुकिंग, अवैध कनेक्शन, गलत मीटर रीडिंग इत्यादि सूचनाएं अपलोड करें। कंपनी के इस आह्वान को बेहतर प्रतिसाद मिला हैं। सतत ही सूचनाएं मिल रही हैं, कार्रवाई भी हो रही है। कंपनी के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री एसआर बमनके ने बताया कि इस एप को अब तक हजारों लोगों ने डाउनलोड किया हैं। अब तक 400 से ज्यादा सूचनाएं बिजली कंपनी के आईटी सेक्शन को मिली हैं। 334 पंचनामें बनाकर कुल 81 लाख रूपए की बिलिंग की गई है।

निर्माणाधीन बिल्डिंग में खुला पड़ा था बिजली का तार

इंदौर,(नप्र)। बाणगंगा थाना क्षेत्र के ग्राम बरदरी में हुए हादसे के मामले में पुलिस ने ठेकेदार को आरोपी बनाया है। पानी की टंकी के पास एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम करने के दौरान 14 वर्षीय बाल मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई थी। बताया जाता है कि ठेकेदार उससे यहां काम करवा रहा था। पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ गुरुवार को मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, घटना 4 जुलाई की शाम करीब 6 बजे की है। ग्राम बरदरी में रहने वाला 14 वर्षीय जयेश पुत्र ज्ञानसिंह डावर, निवासी जोबट, अलीराजपुर, निर्माणाधीन साइट पर रोज की तरह मजदूरी कर रहा था। उस समय आसपास अन्य मजदूर भी मौजूद थे। काम के दौरान वहां फैला खुला बिजली का तार जयेश के संपर्क में आ गया, जिससे उसे जोरदार करंट लगा और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। हादसे के तुरंत बाद साथी मजदूर और परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग-डॉ. अम्बेडकर नगर महू, जिला इन्दौर म.प्र.

पता : प्रशासनिक संकुल, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू)

ई-मेल: sdmmhowmp@gmail.com

|| विज्ञप्ति ||

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश राठौर पिता हरिशंकर राठौर के द्वारा आवेदक क्र. 0623020208145-एसीबी-2826 8744 दिनांक 01/05/26 ग्राम राठौर तहसील डॉ. अम्बेडकर नगर महू स्थित शासकीय नजूल सर्वे न. 509 पैकी रकबा 108 वर्गमीटर भूमि पर पुलिस निर्माण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में मेरे न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 29/10/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से संबंधित प्रकरण में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
डॉ. अम्बेडकर नगर महू

कार्यालय नगर पालिक निगम खण्डवा

क्रमांक :- क/रा.बा./387 खण्डवा दिनांक 16/10/2026

(नामांतरण विज्ञप्ति)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निगम स्वामित्व भवानी माता मार्ग दक्षिण एरिया स्थित दुकान क्रमांक 06 टी.नं. 100000317 पर श्रीमती हमीदा बी पति हाजी इस्माईल के नाम से नगर पालिक निगम में किरायेदारी अभिलेखो में दर्ज है। श्रीमती हमीदा बी पति हाजी इस्माईल की मृत्यु दिनांक 27/06/2017 को हो चुकी है एवं इनके पति (1) श्री हाजी इस्माईल पिता छोटू जी एवं तीनो वारसान पुत्र (2) श्री मोहम्मद इब्राहिम तंवर पिता हाजी इस्माईल (3) श्री मोहम्मद इकबाल तंवर पिता हाजी इस्माईल (4) श्री उमर तंवर पिता हाजी इस्माईल तीनो निवासी पदमकुंड वार्ड खण्डवा एवं सभी वैधानिक वारसान द्वारा आवेदन पत्र, शपथ शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त दुकान का पारिवारिक नामांतरण (फोती नामांतरण) हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को इस संबंध में कोई दावा/आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में साक्ष्य / दस्तावेजो के साथ कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात कोई दावा या आपत्ति मान्य नही किया जावेगा।

नोट:- 1. विवाद की स्थिति एवं फर्जी दस्तावेज पाए जाने पर नामांतरण स्वतः निरस्त माना जावेगा एवं जमा राशि निगम द्वारा राजसात की जावेगी।

2. अचल सम्पत्ति अंतरण नियम 2016, संशोधित नियम 2021 एवं 2023 के अंतर्गत दो दैनिक समाचार पत्र में आवेदक को प्रकाशन किया जाकर दो समाचार पत्र की दो प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। उपरांत आगामी कार्यवाही की जावेगी।

प्र. बाजार अधिकारी
नगर पालिक निगम, खण्डवा.

RAJRATAN OUTPERFORM INDIA | THAILAND

RAJRATAN GLOBAL WIRE LIMITED www.rajratan.co.in

Regd. Office: Rajratan House, 11/2 Meera Path, Dhenu Market, Indore-452003, MP, India. Tel.: +91-731-2546401

Email: investor.cell@rajratan.co.in CIN No. L27106MP1988PLC004778

30 सितम्बर, 2026 को समाप्त तिमाही एवं छः माही हेतु वित्तीय परिणामों का निष्कर्ष

(रु. लाख में ई.पी.एस. को छोड़कर)

क्रं.	विवरण	समेकित			पृथक्कृत		
		समाप्त तिमाही 30.09.2026 गैर लेखा परिक्षित	समाप्त छ:माही 30.09.2026 गैर लेखा परिक्षित	समाप्त तिमाही 30.09.2025 गैर लेखा परिक्षित	समाप्त तिमाही 30.09.2026 गैर लेखा परिक्षित	समाप्त छ:माही 30.09.2026 गैर लेखा परिक्षित	समाप्त तिमाही 30.09.2025 गैर लेखा परिक्षित
1.	प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	37149	69324	29561	22530	42094	19154
2.	शुद्ध लाभ कर, अपवाद तथा असाधरण मदों से पहले	3184	6199	2683	2259	4125	1691
3.	शुद्ध लाभ कर से पहले तथा अपवाद एवं असाधरण मदों के बाद	3184	6199	2683	2259	4125	1691
4.	शुद्ध लाभ कर अपवाद एवं असाधरण मदों के बाद	2414	4710	2055	1676	3057	1248
5.	कुल व्यापक आय	2540	4613	3002	1676	3036	1245
6.	इक्विटी शेयर पूंजी	1015.42	1015.42	1015.42	1015.42	1015.42	1015.42
7.	संचेय (पुर्नमूल्यन संचय छोड़कर जैसा कि पूर्व वर्ष के लेखा परिक्षित तुलनपत्र में दर्शित है।)						
8.	प्रति शेयर अर्जन (रू. 2 प्रत्येक का) 1.मूल	4.75	9.28	4.05	3.30	6.02	2.46
	2. तनुकृत	4.75	9.28	4.05	3.30	6.02	2.46

नोट: 1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियामली 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक ऐक्सचेंज में प्रस्तुत किए गए तिमाही के वित्तीय परिणामों का सारंकित रूप है। समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक ऐक्सचेंजेस की वेबसाईट (www.bseindia.com), (www.nseindia.com) एवं कंपनी की वेबसाईट (www.rajratan.co.in) पर उपलब्ध है।

बोर्ड की आज्ञानुसार
सुनील चोरड़िया
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN-00144786

स्थान : इन्दौर, दिनांक : 21.10.2026

नाम सुधार सूचना प्रकाशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शकील अहमद, पिता श्री मुस्तकीम, निवासी-750 देव कॉलोनी, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड नं. 28, तहसील एवं जिला हरदा (मध्य प्रदेश), के पासपोर्ट में मेरा नाम हाफिज शकील अहमद, पिता मोहम्मद मुस्तकीम (HAFIZ SHAKIL AHMAD S/O MOHAMMAD MUSTAKEEM) अंकित है, जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा सही नाम शकील अहमद, पिता मुस्तकीम (SHAKIL AHMAD S/O MUSTAKEEM) दर्ज है। अतः मेरे पासपोर्ट में नाम एवं पिता के नाम में आवश्यक सुधार करवाया जाना है। भविष्य में मैं शकील अहमद, पिता मुस्तकीम (SHAKIL AHMAD S/O MUSTAKEEM) के नाम से जाना व पहचाना जाऊंगा। इस संबंध में सभी संबंधित विभागों से आवश्यक सुधार करने का अनुरोध है।

शकील अहमद, पिता मुस्तकीम
(SHAKIL AHMAD S/O MUSTAKEEM)
निवासी-750 देव कॉलोनी, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड नं. 28,
तहसील एवं जिला हरदा (मध्य प्रदेश)।

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग रतलाम

नामान्तरण सूचना

मण्डल द्वारा विकसित आवासीय कॉलोनी अलकापुरी रतलाम स्थित भवन क्रमांक डी/11 मध्यम आय वर्ग इस कार्यालय के द्वारा आवंटन दिनांक 22.12.1992 को श्री रमेशचंद्र राव पिता स्व. श्री हरपालसिंह राव के नाम पर आवंटित किया गया। जिसका विक्रय विलेख उपपंजीयक कार्यालय जिला रतलाम में दिनांक 04.09.2000 को निष्पादित किया गया है। इनके द्वारा नवीन लीज पंजीयन उपपंजीयक कार्यालय जिला रतलाम में दिनांक 28.06.2023 को निष्पादित किया गया है।

श्री रमेशचंद्र राव पिता स्व श्री हरपालसिंह राव का देहांत दिनांक 08.09.2025 को हो चुका है। इनका देहांत हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री कुलदिप राव पिता स्व. श्री रमेशचंद्र राव के द्वारा स्वयं के नाम पर नामांतरण करवाने हेतु इस कार्यालय में आवेदन पत्र रजिस्ट्री की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, शपथ पत्र परिवार के सदस्य श्रीमति सुमित्रा राव पति स्व. श्री रमेशचंद्र तथा पुत्री श्रीमति वनीता पति श्री प्रदीप कुमार के द्वारा सहमति शपथ पत्र आदि प्रस्तुत किये गये है।

भवन क्रमांक डी/11 मध्यम आय वर्ग रतलाम अलकापुरी का मृत्यु उपरांत के आधार पर नामांतरण तथा प्रस्तुत दस्तावेज शपथ-पत्र, एवं अन्य दस्तावेज के आधार पर श्री रमेशचंद्र राव पिता स्व श्री हरपालसिंह राव के नाम से श्री कुलदिप राव पिता स्व. श्री रमेशचंद्र राव के नाम पर नामान्तरण किया जाना प्रस्तावित है।

इस सम्बध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था आपत्ति हो तो मय ठोस प्रमाण पत्र के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 15 दिन की अवधि में लिखित रुप से आपत्ति प्रस्तुत करें।

उक्त समयावधि व्यतीत होने के उपरान्त भवन क्रमांक डी/11 मध्यम आय वर्ग रतलाम अलकापुरी का नामान्तरण श्री रमेशचंद्र राव पिता स्व. श्री हरपालसिंह राव के नाम से श्री कुलदिप राव पिता स्व. श्री रमेशचंद्र राव के नाम पर कर दिया जावेगा तथा इसके पश्चात किसी भी प्रकार का दावा या उज्र मान्य नहीं किया जावेगा।

सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग रतलाम

न्यायालय:- सूरज सिंग राठोड

जिला न्यायाधीश भीकनगांव के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश जिला मण्डलेश्वर पश्चिम निमाड़ म.प्र.

(विवादकों के स्थिरीकरण के लिये समंस (आदेश 5 नियम 1 और 5))

Filing No. RCA-1244/2024 Reg No. RCA-06/2024

Filing Date 26-10-2024

श्री मनोज कुमार पिता श्री चंद्रकुमार जाति कसेरा
निवासी घंटाघर चौक, अग्रवाल धर्मशाला गली, खड़कपुरा खंडवा तहसील व जिला खण्डवा म.प्र.
अपीलार्थी

// विरूद्ध //

आनंद पिता लक्ष्मीनारायण साहू
निवासी 338/1 कोठी बाजार वार्ड नंबर 13 नर्मदापुरम जिला नर्मदापुरम
प्रतिअपीलार्थी

आवेदक ने इस न्यायालय के समक्ष अनावेदक के विरूद्ध आरसीए प्रकरण क्रमांक-06/24 अंतर्गत आवेदनपत्र आदेश 06 नियम 17 सपठित धारा 151 व्य.प्र.सं. के अंतर्गत अपील संस्थित की है।

इस न्यायालय में प्रतिअपीलार्थी आनंद पिता लक्ष्मीनारायण की उपस्थिति हेतु पेशी दिनांक 03.12.2026 समय 11:00 बजे आवेदन पत्र का उत्तर देने के लिए हाजिर होने के लिए प्रतिअपीलार्थी आनंद पिता लक्ष्मीनारायण को समंस किया गया है।

प्रतिअपीलार्थी आनंद पिता लक्ष्मीनारायण न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर वकील या अभिभाषक के माध्यम से उस दिन अपनी प्रतिरक्षा में लिखित कथन दाखिल करें।

प्रतिअपीलार्थी आनंद पिता लक्ष्मीनारायण को यह भी निर्देशित किया जाता है कि उस दिन अपना प्रतिरक्षा जवाब पेश करें और ऐसे समस्त दस्तावेज भी पेश करें जो कब्जे में हो या अपने बचाव /जवाब के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हों।

प्रतिअपीलार्थी आनंद पिता लक्ष्मीनारायण को यह भी सूचित किया जाता है कि उपर बताई गयी तारिख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होने की दशा में प्रतिअपीलार्थी आनंद पिता लक्ष्मीनारायण के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षी कार्यवाही अग्रसरित की जावेगी।

यदि किसी कारण से उक्त दिनांक को अवकाश हो या पीठासीन अधिकारी महोदय अवकाश पर चले जाते है तो प्रकरण की सुनवाई अगली पेशी दिनांक पर की जावेगी।

आज दिनांक-15.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

(सूरज सिंग राठोड)
जिला न्यायाधीश भीकनगांव के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश जिला मण्डलेश्वर पश्चिम निमाड़ म.प्र.

सेंसेक्स 73,249.39 ↘460.30 | सराफा सोना ₹1,48,000 10 ग्राम ↘₹1,000 | चांदी ₹2,07,500 एक किलो ↘₹5,900 | डालर ($) ₹ 94.81 ↗₹0.43

एक नजर में

पिछले वर्ष 12 प्रतिशत बढ़ी देश में तांबे की मांग

नई दिल्ली : पिछले वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान देश में तांबे की मांग 12 प्रतिशत बढ़कर 2,100 किलोटन (केटी) रही है। अंतरराष्ट्रीय कापर एसोसिएशन इंडिया ने गुरुवार को बताया कि इसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर, आटोमोटिव और कंस्ट्रक्शन क्षेत्र की मजबूत मांग का प्रमुख योगदान रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान देश में तांबे की मांग 1,878 केटी रही थी। बिजली के इस्तेमाल वाले तारों और केबलों, ट्रांसफार्मरों, मोटरों, आटोमोटिव हार्नेस और विद्युत व औद्योगिक क्षेत्रों में काम आने वाले अन्य उत्पादों में किया जाता है। (एजेंसी)

एचपीसीएल के शुद्ध लाभ में छह प्रतिशत की कमी

नई दिल्ली : हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने गुरुवार को बताया कि सितंबर तिमाही में उसके शुद्ध लाभ में छह प्रतिशत की गिरावट आई है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बिक्री पर हुए नुकसान ने रिफाइनिंग मार्जिन से हुई भारी कमाई को खत्म कर दिया। कंपनी के अनुसार, जुलाई-सितंबर 2026 तिमाही में उसका समेकित शुद्ध लाभ 3,625.22 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 3,859.30 करोड़ रुपये था। (एजेंसी)

चीनी के शुल्क-मुक्त की अवधि दो माह बढ़ाई

नई दिल्ली : केंद्र सरकार ने चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अवधि को दो महीने बढ़ाकर 31 दिसंबर 2026 कर दिया है। इसकी समयसीमा 31 अक्टूबर को समाप्त होने जा रही है। केंद्र सरकार ने कीमतों को नियंत्रित रखने और घरेलू स्तर पर पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए 10 लाख मीट्रिक टन चीनी शुल्क-मुक्त आयात करने की मंजूरी दी है। अब अवधि बढ़ाए जाने से कारोबारियों को चीनी आयात के लिए ज्यादा समय मिल सकेगा। भारत दुनियाभर में सबसे अधिक चीनी की खपत करता है। (एजेंसी)

अदाणी एनर्जी साल्यूशंस को 1,364 करोड़ का लाभ

नई दिल्ली : अदाणी एनर्जी साल्यूशंस लिमिटेड ने गुरुवार को बताया कि 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में उसका शुद्ध लाभ दोगुना से ज्यादा बढ़कर 1,364 करोड़ रुपये रहा है। इसका ट्रांसमिशन और एनर्जी साल्यूशंस प्लेटफार्म का प्रमुख योगदान रहा है, जिससे कंपनी का राजस्व बढ़ा है। जुलाई-सितंबर 2026 के दौरान कंपनी की कुल आय 51 प्रतिशत बढ़कर 10,239 करोड़ रुपये और संचालन राजस्व भी 51 प्रतिशत बढ़कर 7,167 करोड़ रुपये रहा है। (एजेंसी)

स्विगी का घाटा कम होकर 922 करोड़ रुपये रहा

नई दिल्ली : चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2026) में फूड डिलीवरी और क्विक कामर्स फर्म स्विगी का घाटा कम होकर 922 करोड़ रुपये पर आ गया है। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि इसमें राजस्व में मजबूत वृद्धि का योगदान रहा है। जुलाई-सितंबर 2025 के दौरान कंपनी को 1,092 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। बीती तिमाही के दौरान कंपनी का राजस्व बढ़कर 7,571 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वर्ष समान तिमाही के दौरान 5,561 करोड़ रुपये था। (एजेंसी)

अफ्रीकी बाजार में चीन को चुनौती दे रहा भारत

- चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में दक्षिण अफ्रीका को निर्यात में 51 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई
- चीन की तरह भारत भी इन देशों में इलेक्ट्रानिक्स वस्तुओं से लेकर आटोमोबाइल की बिक्री कर रहा

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : दस साल पहले तक वस्तु निर्यात के लिए मुख्य रूप से अमेरिका और यूरोप पर निर्भर भारत तेजी से अफ्रीका और आसियान (एसोसिएशन आफ साउथ ईस्ट एशियन नेशंस) देशों में अपना निर्यात बढ़ा रहा है। अफ्रीका एक ऐसा बाजार है जहां अब तक चीन का आधिपत्य है और अब भारतीय वस्तुओं की मांग भी इन देशों में तेजी से बढ़ रही है। चीन अफ्रीका के 53 देशों में सालाना 225 अरब डालर का निर्यात करता है। चीन से सबसे अधिक माल खरीदने वाले देशों में दक्षिण अफ्रीका, नाइजीरिया और मिस्र हैं। इन देशों में भारत का निर्यात भी तेजी से बढ़ रहा है।

चालू वित्त वर्ष 2026-27 के पहले छह महीनों में दक्षिण अफ्रीका के निर्यात में पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही के मुकाबले 51 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। नाइजीरिया में 19.6 प्रतिशत तो मिस्र में 72 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। भारत के कुल निर्यात में दक्षिण अफ्रीका की हिस्सेदारी 2.2 प्रतिशत पहुंच चुकी है। इन तीन देशों के अलावा भारत अफ्रीका के कीनिया, तंजानिया व कई अन्य देशों में निर्यात कर रहा है। चीन की तरह भारत भी इन देशों में इलेक्ट्रानिक्स वस्तुओं से लेकर आटोमोबाइल तक की बिक्री कर रहा है। अफ्रीका के कई देशों की विकास दर चार प्रतिशत के आसपास चल रही है और यहां उपभोक्ता वस्तुओं की मांग लगातार बढ़ रही है। निर्यातकों ने बताया कि पहले अफ्रीकी देशों में माल भेजने और वहां से भुगतान होने को लेकर कई आशंकाएं रहती थीं। इसलिए भी वे निर्यात नहीं कर रहे थे। सरकार की नीतिगत सुधारों की वजह से अब उन्हें अफ्रीका में माल भेजने में कोई परेशानी नहीं है और अब वे चीन के माल से अफ्रीका के बाजार में मुकाबला कर रहे हैं।

आसियान देशों को निर्यात में 56 प्रतिशत का इजाफा

वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक वित्त वर्ष 2026-27 के पहले पांच महीनों में अफ्रीकी देशों को भारतीय निर्यात में 47 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इस साल अप्रैल-अगस्त में भारत ने अफ्रीका के देशों में 26.19 अरब डालर का निर्यात किया जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह निर्यात 17.83 अरब डालर का था। चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में आसियान देशों के निर्यात में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 56 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यही वजह है कि यूरोपीय यूनियन को होने वाले निर्यात में मात्र चार प्रतिशत की बढ़ोतरी के बावजूद भारतीय निर्यात में दहाई अंक में इजाफा हो रहा है।

युद्ध से पहले के स्तर पर पहुंचा पश्चिम एशिया से भारत का कच्चा तेल आयात

- पिछले महीने इन देशों से 28 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का आयात किया गया
- मासिक आधार पर रूस से तेल आयात 14 प्रतिशत घटकर 18 लाख बैरल प्रतिदिन रहा

नई दिल्ली, एजेंसी: सितंबर में पश्चिम एशिया से भारत का कच्चा तेल आयात खाड़ी युद्ध के पूर्व स्तर पर पहुंच गया। वहीं, चीन के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच भारतीय रिफाइनरियों ने रूस से तेल खरीद कम कर दी है। पश्चिम एशिया के उत्पादकों और व्यापारियों ने होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल की आपूर्ति बहाल कर दी है, जिससे युद्ध के कारण पैदा हुई आपूर्ति की कमी दूर हुई है।

दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक भारत ने खाड़ी युद्ध के शुरू होने के बाद पश्चिम एशिया से आपूर्ति घटने की भरपाई के लिए रूस से कच्चे तेल का आयात बढ़ा दिया था। शिपिंग ट्रैकिंग डाटा के अनुसार, सितंबर में पश्चिम एशिया से भारत का कच्चा तेल का आयात बढ़कर लगभग 28 लाख बैरल प्रतिदिन हो गया, जो फरवरी के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। यह अगस्त के मुकाबले 32 प्रतिशत अधिक है। कुल आयात में खाड़ी देशों के तेल की हिस्सेदारी लगभग 54 प्रतिशत रही।

इसके विपरीत, सितंबर में रूस से कच्चे तेल का आयात पिछले महीने की तुलना में लगभग 14% घटकर 18 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया। भारत की कुल तेल खरीद में रूस की हिस्सेदारी 46.6 प्रतिशत से घटकर 33.5 प्रतिशत पर आ गई है।

पिछले महीने कच्चे तेल का आयात 20 प्रतिशत बढ़ा

आंकड़ों पर गौर करें तो सितंबर में भारत का कुल तेल आयात पिछले महीने की तुलना में 20 प्रतिशत बढ़कर लगभग 53.3 लाख बैरल प्रतिदिन हो गया। अभी भी रूस भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इराक का स्थान है। पिछले महीने भारत का इराकी तेल का आयात अगस्त के 1,71,000 बैरल प्रतिदिन से बढ़कर लगभग 8,30,000 बैरल प्रतिदिन हो गया।

एक नवंबर से जीएसटी रिफंड में आएगी तेजी

छोटे ई-कामर्स व्यापारियों के पंजीकरण से लेकर आइटीसी से जुड़े नए नियम होंगे लागू

- जीएसटी रिटर्न के फार्म में बदलाव को लेकर मसौदा होगा जारी
- मसौदे पर सभी पक्षकार 30 नवंबर तक अपने विचार रख सकेंगे

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : गत आठ अक्टूबर को जीएसटी काउंसिल की 57वीं बैठक में लिए गए कई फैसले आगामी एक नवंबर से लागू हो जाएंगे। इसमें छोटे ई-कामर्स विक्रेताओं के लिए पंजीकरण आसान बनाने, रिफंड में तेजी लाने और नोटिस जारी करने के लिए 10 हजार रुपये की न्यूनतम सीमा तय करने जैसे सुधार शामिल हैं। अप्रत्यक्ष कर विभाग सूत्रों के मुताबिक अगले एक से दो दिनों में इस संबंध में अधिसूचना जारी हो जाएगी।

एक नवंबर को विभाग जीएसटी रिटर्न फार्म में बदलाव को लेकर मसौदा भी जारी करेगा। ताकि जीएसटी रिटर्न के नए फार्म को अगले साल एक अप्रैल से मान्य किया जा सके। मसौदे पर सभी पक्षकार 30 नवंबर तक अपने विचार रख सकेंगे।

जीएसटी रिटर्न फार्म भरने के दौरान होने वाली विसंगतियों के कारण कारोबारियों के रिटर्न या टैक्स की रकम में गड़बड़ी होती है और फिर इस कारण विभाग कारोबारियों को नोटिस जारी करता है। नए फार्म के माध्यम से इस प्रकार की गलती को खत्म करने का उद्देश्य है। सूत्रों का कहना है कि बदलाव के बाद जीएसटी रिटर्न के फार्म-1 में बदलाव की गुंजाइश नहीं रह जाएगी। अभी अगर जीएसटी आर-1 में पांच लाख रकम की जगह अगर 50,000 लिखा जाता है तो अगले महीने उस फार्म को संशोधित कर पांच लाख कर दिया जाता है। अब इस प्रकार के संशोधन के लिए कारोबारियों को अलग से जीएसटी आर 1ए भरना होगा।

जीएसटी एक्सपर्ट एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट प्रवीण शर्मा ने बताया कि एक ही फार्म में बार-बार बदलाव से उस फार्म को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) ठीक से पढ़ नहीं पाता है और इस कारण विभाग से भी कई बार गलती हो जाती है।

आइटीसी रिफंड मिलने से निर्यातकों को होगा फायदा

एक नवंबर से लागू होने वाले नियम में कई सेवा पर इनपुट टैक्स रिफंड देना जुड़ा है जिससे निर्यातकों को फायदा होगा। अगर कोई सलाहकार अपनी सेवा का निर्यात करता है और वह अगर इस काम के लिए कंप्यूटर लगाता है, एसी लगाता है तो इस पर वह इनपुट टैक्स क्रेडिट ले सकेगा। कई सेक्टर के निर्माता अपने कच्चे माल की खरीदारी 18 प्रतिशत पर करते हैं और तैयार माल को पांच प्रतिशत की दर पर बेचते हैं, उन्हें भी इनपुट सर्विस का रिफंड नहीं मिलता था। अब वे भी इनपुट सर्विस पर रिफंड ले सकेंगे।

'जीएसटीएटी की मुख्य पीठ के समक्ष दायर 95 प्रतिशत मामले उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर'

नई दिल्ली, एजेंसी : जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) के प्रेसिडेंट जस्टिस (रिटायर्ड) संजय कुमार मिश्रा ने गुरुवार को कहा कि मुख्य पीठ के समक्ष दायर लगभग 7,000 मामलों में से 95 प्रतिशत मामले उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आते हैं। उन्होंने जीएसटीएटी में अपील दायर करने के दौरान कारोबारी और कर पेशेवरों की ओर से की जाने वाली गलतियों पर भी निराशा जताई। उद्योग संगठन एसोचैम के जीएसटी कान्क्लेव में मिश्रा ने कहा कि जीएसटीएटी की विभिन्न पीठों (मुख्य पीठ और राज्य पीठों सहित) के समक्ष लगभग एक लाख अपीलें दायर की गई हैं। इनमें से 250 मामलों का निपटारा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि न्यायाधिकरण की मुख्य पीठ के समक्ष दायर लगभग 7,000 मामलों में से 95 प्रतिशत मामले इस पीठ के अधिकार क्षेत्र में नहीं आते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य पीठ के समक्ष दायर की जाने वाली औसतन 40-50 अपीलें हर दिन संबंधित राज्य पीठों को स्थानांतरित कर दी जाती हैं।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

रिकार्ड उच्च स्तर से करीब 50 प्रतिशत नीचे आई चांदी

दिल्ली में 5,900 रुपये गिरकर 2,07,500 रुपये प्रति किलोग्राम हुई चांदी, सोना 1.48 लाख रुपये प्रति दस ग्राम पर आया

4.04 लाख रुपये किलो पर पहुंची थी चांदी 29 जनवरी 2026 को

1.97 लाख रुपये घट चुकी है चांदी की कीमत रिकार्ड उच्च स्तर से अब तक

नई दिल्ली, एजेंसी: कीमती धातुओं की कीमतों में गुरुवार को गिरावट जारी रही। सोना तीन महीने के निचले स्तर पर आ गया, जबकि इस साल की शुरुआत में रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंची चांदी करीब 50 प्रतिशत लुढ़क गई। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से सराफा बाजार पर दबाव रहा है।

आल इंडिया सराफा एसोसिएशन के अनुसार, दिल्ली में गुरुवार को सोने का भाव 1,000 रुपये गिरकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। बुधवार को बंद भाव 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम था। सोना पिछली बार 30 जुलाई को इसी स्तर के आसपास था। इसी तरह, चांदी भी 5,900 रुपये गिरकर 2,07,500 रुपये (सभी करों सहित) प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछला बंद भाव 2,13,400 रुपये प्रति किलोग्राम था। चांदी पिछली बार 18 दिसंबर, 2025 को इसी स्तर के आसपास थी।

31 दिसंबर के 2.39 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के भाव से 31,500 रुपये यानी 13.18 प्रतिशत गिरने के बाद चांदी 10 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई है। इस साल 29 जनवरी को दर्ज 4,04,500 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर से इसका भाव 1.97 लाख रुपये यानी 48.70 प्रतिशत लुढ़क चुका है।

एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा का कहना है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष को लेकर चिंताओं के बीच बाजार की धारणा पर दबाव बना हुआ है। इसी वजह से गुरुवार को घरेलू बाजार में सोना और चांदी में कमजोरी जारी रही। वैश्विक बाजार में हाजिर सोना 4,100 डालर प्रति औंस के स्तर से नीचे आ गया। इसका भाव करीब 1.7 प्रतिशत गिरकर 4,072.30 अमेरिकी डालर प्रति औंस रहा। चांदी चार प्रतिशत गिरकर 55.72 डालर प्रति औंस पर आ गई।

छह माह में 6,500 मीट्रिक टन चांदी आयात को दी गई मंजूरी

